दिनांक 04 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्मृति नगर रोड में हो रही थी अवैध प्लाटिंग की तैयारी , निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर की कार्रवाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के नेहरू नगर से स्मृति नगर जाने वाले रोड में पुल के समीप अवैध रूप से प्लाटिंग तैयार करने की मंशा से जमीन को समतल कर मार्ग संरचना तैयार करने का कार्य किया जा रहा था! अवैध प्लाटिंग की सूचना मिलने पर जोन 01 के आयुक्त सुनील अग्रहरी की टीम मौके पर पहुंची और कार्यवाही प्रारंभ की! इस दौरान मौके पर कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं होने के कारण भूमि स्वामी की जानकारी नहीं हो पाई। जोन आयुक्त की उपस्थिति में राजस्व विभाग की टीम ने अवैध प्लाटिंग करने के उददेश्य से बनाए गए मार्ग संरचना को जेसीबी से ध्वस्त किया। जोन 01 नेहरू नगर क्षेत्र से स्मृति नगर जाने वाले रोड के पास करीब 1/2 एकड़ में अवैध प्लाटिंग की सूचना मिलने पर कार्यवाही की गई। विदित है कि निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग व अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी जोन आयुक्तों को दिए है! इसी के तहत कार्रवाई की जा रही है! स्मृति नगर रोड पर अज्ञात लोगों के द्वारा अवैध प्लाटिंग की मंशा से जमीन को समतल कर मुरूम , मिट्टी से मार्ग संरचना का निर्माण किया गया था , जिसे जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करते हुए मुरूम जब्ती किया गया। इस कार्य में एक जेसीबी और एक डम्फर संलग्न किया गया था। कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता अनिल सिंह, भवन अनुज्ञा विभाग के उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं राजस्व विभाग तथा तोड़फोड़ की टीम उपस्थित रहकर कार्रवाई किए।

जनसम्पर्क अधिकारी